## 33 राज्यों के 693 प्रतिभागी होंगे शामिल

# 1 दिसम्बर से राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता

### कलेक्टर की अध्यक्षता में फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बैठक संपन्न




**उमरिया।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 दिसंबर 6 दिसंबर तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने 1 से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का व्यापक स्तर पर होर्डिंग्स, फ्लैक्स तथा पेम्प्लेट्स के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए।साथ ही विश्व विख्यात बांधवगढ टाईगर रिजर्व में भी खेल प्रतियोगिता का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें। उन्होने कहा कि जिन चार जगहो पर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,वहां पर स्वास्थ्य को देखते हुए एंबुलेंस,स्ट्रेचर तथा डाक्टर की टीम तैनात की जाए,ताकि आवश्यकता पडने पर तत्काल उपचार किया जा सके। प्रत्येक आवास के लिए नोडल अधिकारी कि नियुक्ति की जाए ।

उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय को पानी की शुद्धता परखने के निर्देश दिए। इसी तरह भोजन की गुणवत्ता परखने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिए। उन्होने कहा कि साफ सफाई व्यवस्थाय बनीं रहें, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने बैठक में उपस्थित व्यापारियो से अपेक्षा की है कि स्थानीय स्टेडियम में अपने प्रतिष्ठान के नाम के साथ खेल प्रतियोगिता के प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करें ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता मे 33 राज्यों के 693 प्रतिभागी भाग लेगे तथा 40 आफिसियल्स एवं 60 स्थानीय आफिसियल्स भाग लेगे। खिलाडियो के रूकने के लिए आवास व्यवस्था खेल परिसर भरौला,होटल सरई, कृष्णा गार्डन, सूर्या होटल, कृष्णा पैलेस मे की गई है । प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम,कृष्ण ताल उमरिया, पीटीएस ग्राउंड तथा शासकीय उमावि बालक चंदिया खेल मैदान निर्धारित है । खिलाडियो के लिए लाने ले जाने के लिए 10 बस तथा 8 जीप की व्यवस्था की गई है तथा खिलाडि़यो के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था , सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है । उन्होंने बताया कि आर सी स्कूल उमरिया एवं सेन्ट्रल एकेडमी उमरिया के छात्र विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही 3 एवं 4 दिसंबर को कैंप फायर का आयोजन होगा जिसमें बिजहरिया लोक नर्तक दल के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी ।

बैठक में सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, एसडीओपी पुलिस नागेंद्र प्रताप सिंह, जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे,सुशील मिश्रा, शेख सलीम, पूर्व विधायक अजय सिंह, राकेश शर्मा, धनुषधारी सिंह,विद्यालयों के प्रचार्य सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एसआईआर का किया अवलोकन

**बीएलओ बिना मैपिंग के डिजिटाईजेशन नहीं करें - जिला निर्वाचन अधिकारी**





**उमरिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने 89 बांधवगढ़ तथा 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।**

निरीक्षण के दौरान उन्होने मानपुर विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 207,208 पिपरिया, मतदान केंद्र क्रमांक 210 सेमरिया , मतदान केंद्र क्रमांक 212 अमहा तथा बांधवगढ़ विधानभा क्षेत्र 209 करहीटोला तथ मतदान केंद्र क्रमांक 213 उजान में बीएलओ व्दारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया कि एसआईआर डिजिटाईजेशन के कार्य में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे स्थल पर रहकर कार्य को संपादित करें । समस्त बीएलओ से कहा कि जिन गडन्ना प्रपत्रों की मैपिंग नही हुई है,उन्हे डिजिटाईज नही करें। एसआईआर डिजिटाईजेशन के कार्य में तेजी लाएं । इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाए।इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए ।

# संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का किया गया वाचन




**उमरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया, जिसे समस्त जिला प्रमुख अधिकारियों ने दोहराया ।

कलेक्टर ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए कहा कि भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समानता, प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर हमारी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 के दिन, एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर सभागार में संविधान की उद्देशिका का किया गया वाचन

**संविधान पर आधारित देखी गई लघु फिल्म**




**उमरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए कहा कि भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समानता, प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर हमारी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 के दिन, इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं। वाचन को उपस्थित जनों ने दोहराया । इस अवसर पर संविधान पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसे सभी ने देखा एवं श्रवण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,एसडीओपी पुलिस नागेंद्र प्रताप सिंह,सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी, जिला परिवहन अधिकारी रमा द्रुबे , सुशील मिश्रा, शेख सलीम, पूर्व विधायक अजय सिंह, धनुषधारी सिंह, सहित विद्यालयों के प्राचार्य सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# सीईओ जिला पंचायत ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एसआईआर का किया अवलोकन



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने तहसील चंदिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 52, 53, 6, 8, 13,42,46,21 का निरीक्षण किया एवं प्रगति बढाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि एसआईआर का कार्य समय सीमा में प्राथमिकता के साथ संपादित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । इस कार्य में जिन कर्मचारियो की डयुटी लगाई गई है , वे स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे । इस अवसर पर नायब तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# सेवानिवृत्ति पश्चात डॉ. अभय पांडेय का पीपीओ जारी



**उमरिया।** उच्च शिक्षा विभाग म प्र शासन से सेवानिवृत डॉ अभय कुमार पांडे सह प्राध्यापक रसायन शास्त्र आदर्श कॉलेज उमरिया का पी पी ओ आदेश सेवानिवृत्ति पश्चात कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश कुमार पाठक उपस्थित रहे । डॉ अभय पांडे द्वारा जिले के सभी अधिकारियों ,पेंशन अधिकारी कर्मचारियों सहित महाविद्यालय शिक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

**जिले का पहला वीडियो कॉन्फ्रेंस आधारित दस्तावेज पंजीकृत**

उमरिया। उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गत दिवस पंजीयन कार्यालय उमरिया मे बिना कार्यालय आए एक मुख़्तायारनामा पंजीकृत किया गया । उन्होने बताया कि रजनी गुप्ता द्वारा दस्तावेज मे अपने पति आशुतोष गुप्ता को संपत्ति विक्रय करने का पावर दिया। ज्ञात हो की सम्पदा 2.0 के तहत अनुबंध, पीओए और बंधक आदि के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा दी गई है। इस प्रक्रिया मे सम्बंधित पक्षकार के पास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की लिंक जाती है सब रजिस्टार द्वारा वीडियो मोड पर ही अपलोड दस्तावेज का सत्यापन किया जाता है तथा निष्पादन की पुष्टि की जाती है। इस व्यवस्था से बिना कार्यालय मे आए घर बैठे ही पंजीयन की सुविधा प्राप्त होती है। जिला पंजीयक पंकज कोरी ने जिले के सभी सेवा प्रदाताओं को प्रत्येक माह कम से कम एक -एक दस्तावेज बुक करने के निर्देश दिए है ।

## जन अभियान परिषद ने करकेली में किया बोरी बंधान



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली जिला उमरिया के जिला समन्वयक आदरणीय रविन्द्र शुक्ल के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम के परामर्शदाता व छात्र छात्रा के संयुक्त तत्वाधान में जल संचय अभियान के तहत सेक्टर क्रमांक 1 करकेली के ग्राम करकेली स्थित बन्ना नदी में बोरी बंधान का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव जी द्वारा जल संचय अभियान के बारे में बताते हुए जल के महत्व एवं इसे सहजने के उपायों के बारे में बताया गया व परामर्शदाता सुनीता सिंह द्वारा कहा गया कि भू जल स्तर को बढ़ाने हेतु आवश्यक है कि हम को अधिक अधिक जल को संरक्षित करना होगा व सभी को बोरी बंधान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसके बाद उपस्थित जनों द्वारा जनभागीदारी से 55 बोरियो से बोरी बंधान किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने संविधान की उद्देशिका का किया वाचन



**उमरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. अभय सिंह ने उपस्थित अधिकारियो, कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया । साथ ही जिले की समस्त जनपद पंचायतों में एवं विशेष रूप से ग्राम पंचायत गोरईया (पी.एल.सी.) जनपद पंचायत पाली में संविधान की उद्देशिका का सामुहिक रूप से वाचन कराया गया।

# अखिल भारतीय बाघ आकलन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया** 26 नवंबर। बांधवगढ़, टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश के पनपथा सब डिवीजन के स्टाफ़ को सब डिवीजन स्तरीय अखिल भारतीय बाघ आकलन कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय एवं उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में उप वनमंडल अधिकारी भूरा गायकवाड़, परिक्षेत्र अधिकारी पतौर, परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर एवं परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा कोर की उपस्थिति में बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व' के इको सेंटर, ताला में' मास्टर ट्रैनर कमलेश नंदा वनरक्षक एवं मोहित खटीक वनरक्षक द्वारा अखिल भारतीय बाघ आकलन के क्रियान्वयन के समस्त पहलू जैसे - माँसाहारी एवं शाकाहारी वनप्रणियों , वनस्पति के सर्वे करने के संबंध विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया । दोपहर बाद क्षेत्र में जाकर वन्य प्राणी मांसाहारी, शाकाहारी एवं वनस्पतियों का सर्वेक्षण किस प्रकार से मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाता है , के बारे मे बताया गया। प्रशिक्षण में ' पनपथा सबडिवीजन बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमरिया' के ' 55 अधिकारी एवं कर्मचारी' सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम का उद्देश्य अखिल भारतीय बाघ आकलन को सटीकता से करना सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का आग्रह किया।

# महाविद्यालय में करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विशेषज्ञ डॉ विनोद कुमार कोल एवं डॉ हीरा सिंह गोंड द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से करियर,शैक्षणिक एवं गैरदृशैक्षणिक क्षेत्रों में मार्गदर्शन प्रदान किया गया जिसमें विद्यार्थियों को अनेक बाधाओं जैसे आर्थिक, सामाजिक,आगे की शिक्षा में आ रही समस्या आदि में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। काउंसलिंग सत्र में 35 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से काउंसिलिंग किया गया।

# संविधान प्रस्तावना का किया गया वाचन




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य जबेदियस लकड़ा द्वारा संविधान की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। डा गिरेश शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान ही कानून का स्त्रोत है इसी से देश की कानून व्यवस्था एवं नागरिकों के अधिकार संरक्षित होते हैं। तत्पश्चात संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ मीना मिश्रा द्वारा संविधान बनाने में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मोहम्मद मोबीन द्वारा मंच का संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ डॉ श्रीकांत मिश्र, डॉ आकांक्षा पाण्डेय, डॉ शिव कैलाश यादव,डॉ प्रवीण कुमार यादव, डॉ राज कुमार रैदास, डॉ नीलम मिश्रा, सुश्री कृति मरावी एवं श्रीमती रंजना बघेल एवं 80 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## गोहरारू नदी का अस्तित्व खतरे में

# फुनगा क्षेत्र में दिन-रात जारी रेत का अवैध खेल




**हरिभूमि न्यूज फुनगा।** देश भर में अवैध रेत खनन पर्यावरण के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन फुनगा चौकी क्षेत्र की गोहरारू नदी अब इस तबाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली इस नदी का सीना अब रेत माफियाओं की जेसीबी और ट्रैक्टरों द्वारा बेखौफ चीरा जा रहा है। प्यारी, देखल और अमलाई में खनन जोरों पर स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1, देखल और अमलाई के नदी तटों पर अवैध उत्खनन चरम पर है। स्थिति यह है कि यहाँ नदी की प्राकृतिक धारा अब मशीनों के शोर में दब गई है। माफिया द्वारा दिन-रात जेसीबी मशीनों से रेत खोदी जा रही है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए इसका परिवहन किया जा रहा है।

### पर्यावरण को हो रही अपूरणीय क्षति

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन का यह काला कारोबार पुलिस और खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। ग्रामीणों की मानें तो फुनगा पुलिस की गश्त इन रास्तों पर नदारद रहती है और खनिज विभाग भी कोई सुध नहीं ले रहा। प्रशासन की यह निष्क्रियता या तो घोर लापरवाही है या फिर रेत माफिया के साथ मिलीभगत का संकेत देती है। गोहरारू नदी पर हो रहा यह हमला केवल रेत चोरी तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के अनियंत्रित खनन से भूगर्भ जल स्तर में भारी गिरावट आ सकती है। नदी तटों का कटाव, बाढ़ का जोखिम और जलीय जीवों के आवास नष्ट होने से जैव-विविधता खत्म हो रही है। बिना किसी पर्यावरणीय मंजूरी और सरकारी निगरानी के चल रहा यह खनन भविष्य के लिए एक बड़ी त्रासदी की नींव रख रहा है।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

त्रासदी के मुहाने पर खड़े ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनकी मांग है कि नदी घाटों पर तुरंत छापेमारी की जाए, मौके पर मौजूद जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को राजसात किया जाए और इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त एफआईआर दर्ज हो। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं कसी गई, तो गोहरारू नदी इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मिडिल स्कूल कन्या बस्ती में मनाया गया संविधान दिवस

**अनूपपुर।** सरकारी मिडिल स्कूल कन्या बस्ती में आज संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद ने छात्रों को भारतीय संविधान की उपयोगिता, महत्व और मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बच्चों को संविधान सभा, डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान तथा संविधान के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में भी सरल शब्दों में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी ली। विद्यालय स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संविधान दिवस का यह आयोजन बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भाव विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

### जिला कांग्रेस कार्यालय मे संविधान पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



**अनूपपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान के नेतृत्व में संविधान दिवस पर संविधान बचाओ दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह रहीं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान निर्माता को नमन किया और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि आज संविधान पर बढ़ते खतरे के प्रति हर नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है, क्योंकि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि संविधान पर हो रहे आघातों के खिलाफ आवाज उठाना आज समय की मांग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे श्रेष्ठ संविधान है, जिसमें हर नागरिक को समानता का अधिकार दिया गया है, लेकिन वर्तमान में इन अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1949 में संविधान बनकर तैयार हुआ था। वर्ष 2014 के बाद से संविधान पर लगातार संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष उदय अहिरवार ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को संविधान की प्रति भेंट की। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 2014 के बाद "अशिष्ट ताकतों की सरकार" द्वारा संविधान के मूल मूल्यों पर गंभीर आघात हुए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए वैसी ही लड़ाई लड़नी होगी जैसी अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए लड़ी गई थी।

# दो माह से धनपुरी में रसोई गैस संकट

## नंबर लगे महीनों, सिलिंडर नसीब नहीं, महंगे दाम पर लेने को मजबूर







**धनपुरी कोलांचल में रसोई गैस (एचपी गैस) की लगातार किल्लत ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि दो माह से गैस की सप्लाई पटरी पर नहीं लौट रही, जबकि उपभोक्ता हर रोज नंबर लगाकर इंतजार करने को मजबूर हैं।**

धनपुरी।

शहर भर में होम डिलीवरी लगभग ठप है और फोन करने पर HP गैस कार्यालय से कोई जवाब ही नहीं मिलता।नंबर लगाओ इंतजार पाओ! उपभोक्ता बेहालउपभोक्ता सुजीत, विजय, लल्लू, आकाश, संतोष, केदार, गोकुल, वीरेंद्र, महेंद्र सहित कई लोगों का कहना है कि गैस बुकिंग का नंबर एक-एक माह से लगा है, लेकिन सिलिंडर अब तक नहीं पहुंचा। लोग रोजाना उम्मीद से फोन करते हैं, लेकिन लाइन उठती ही नहीं। उपभोक्ताओं का कहना है—"अगर फोन नहीं उठाना है तो नंबर दिया ही क्यों है?"गैस गोदाम में अफरा-तफरी—अधिक पैसा देने वालों को पहले मिल रहा सिलिंडरस्थिति यह है कि उपभोक्ता अपने दोपहिया, चारपहिया या किराए की टैक्सी से गोदाम जाते हैं। गोदाम में घंटों इंतजार करने के बाद भी सिलिंडर तब ही मिलता है, जब रिफिलिंग कीमत से अधिक पैसा दिया जाए। कई लोगों ने कहा कि टैक्सी का किराया अलग और सिलिंडर पर बढ़ी रकम अलग—कुल मिलाकर दोहरा शोषण किया जा रहा है।बुजुर्ग सबसे ज्यादा पीड़ित—एक टाइम खाना बनाकर गुजर-बसरजिनके पास वाहन नहीं है, ऐसे बुजुर्ग उपभोक्ता सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। वे न तो दोपहिया चला सकते हैं, न टैक्सी से बार-बार गोदाम जा सकते हैं। कई घरों में गैस न होने के कारण लोग एक टाइम खाना बनाकर गुजारा कर रहे हैं, कुछ अन्य लोग मजबूरी में अधिक पैसे देकर गैस ले रहे हैं।गाड़ी आते ही भगदड़, हादसे की आशंका- प्रशासन मौनगैस ट्रक आते ही गोदाम में अफरा-तफरी मच जाती है। धक्कामुक्की के बीच बड़ा हादसा होने की आशंका हमेशा बनी रहती है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था, न कोई निगरानी—दोनों नदारद हैं। उपभोक्ता खुलकर कह रहे हैं—"हमारी परेशानी देखने वाला कोई नहीं।"वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम सिंह का बड़ा बयान—धनपुरी में नई गैस एजेंसी की मांगकांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम सिंह ने कहा कि धनपुरी कोलांचल के नाम पर एजेंसी तो है, लेकिन धनपुरी के उपभोक्ता ही गैस के लिए सबसे ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने कहा— "लोगों को गैस लेने 5–6 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, अधिक पैसे देकर गैस लेना उपभोक्ताओं की मजबूरी बन गई है। प्रशासन और HP गैस प्रबंधन पूरी तरह लापरवाह है। धनपुरी कोलांचल में अलग गैस एजेंसी खोलने की सख्त जरूरत है।""गैस की कीमत नहीं, उपभोक्ता की मजबूरी वसूली जा रही है"राम सिंह ने आरोप लगाया कि HP गैस के सहयोगी रिफिलिंग दर से अधिक रुपए लेकर सिलिंडर दे रहे हैं, और इस पूरी व्यवस्था पर कोई रोक नहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गोदाम में चक्कर लगाने पर भी ज्यादा पैसा देने वालों को ही आसानी से गैस मिलती है, जबकि बाकी लोग महीनों इंतजार करते रह जाते हैं।





# श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के शिखर में ध्वजारोहण महोत्सव पर ध्वज फहराया गया

बुढार।

**श्रद्धा एवं आस्था के मुख्य केंद्र बिन्दु श्रीराम जन्मभूमिं अयोध्या के ध्वजारोहण महोत्सव के पुनीत अवसर पर बुढार नगर के सुप्रसिद्ध श्रीराम जानकी मंदिर में श्रद्धालुधर्म प्रेमियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज का विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया।**

श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महन्त अर्जुन दास महाराज विद्वान आचार्यो के वेद मंत्रोच्चारण के मध्य ध्वज का पूजन-अर्चन किये और आरती उपरांत श्रीराम संकीर्तन में उपस्थित श्रद्धालुधर्म प्रेमियों ने पूरे श्रद्धाभाव से अपनी सहभागिता निभाई।

श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महन्त श्री अर्जुन दास जी महाराज ने श्रद्धालुधर्म प्रेमियों के मंगलमय जीवन की कामना व शुभाशिर्वाद देते हुये कहाकि - 25 नवंबर आज का यह दिन अविस्मरणीय और ऐतिहासिक है क्योंकि- श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या धाम स्थित सुप्रसिद्ध मंदिर के शिखर पर-धर्म ध्वजा फहराया जा रहा है,और बुढार मंदिर में भी पूरे उल्लास के साथ धर्म ध्वजा का पूजन-अर्चन कर ध्वज फहराया जा रहा है, यह अत्यंत गौरवपूर्ण है। श्रीराम जानकी मंदिर बुढार में ध्वजारोहण महोत्सव के पुण्य अवसर पर धर्मानुरागी-छोटे लाल सरावगी (पूर्व विधायक),रोहिणी प्रसाद गर्ग, नगर परिषद अध्यक्ष-श्रीमती शालिनी सरावगी, पुष्पेंद्र ताम्रकार, सत्येन्द्र शुक्ला, शरद गुप्ता, पत्रकार-मोहन नामदेव, भानु दीक्षित, सुरेंद्र जायसवाल, अरविंद नायक, राज नारायण गुप्ता, श्रीमती प्रीति ताम्रकार, सुनील ताम्रकार, राम वल्लभ मिश्रा, बद्री प्रसाद गुप्ता, साहित अनेकों धर्म प्रेमियों ने पूजन-अर्चन में सम्मिलित हुये।

# पाली महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन किया गया




बिरसिहपुर पाली उमरिया

26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बीरसिंहपुर पाली में एक कार्यक्रम का आयोजन कक्ष क्र 18 में प्राचार्य हरलाल अहिरवार की।अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता राजनीतिवेत्ता डॉ ऋतु सेन ने संविधान निर्माण के क्रमिक चरणों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ जेपीएस चौहान ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की एवं अधिकारों एवं कर्तव्य में अंतर बताया। डॉ शिवराज सिंह ने संविधान की प्रस्तावना की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य प्रो हरलाल अहिरवार ने संविधान निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। प्रो अहिरवार ने डॉ आंबेडकर को महान देशभक्त, बुद्धिजीवी एवं दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं महिला अधिकारों का मसीहा बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मंसूर अली ने भारतीय संविधान को विश्व का सबसे बड़ा एवं विस्तृत संविधान बताया। कार्यक्रम में डॉ शाहिद सिद्दीकी, अनुभव श्रीवास्तव, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ बालेन्द्र यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# शासकीय पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय की मनमानी एवं फीस में की गई वृद्धि को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

बुढ़ार।





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल के द्वारा बुधवार को धनपुरी इकाई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बुढार में मनमानी ढंग से बढ़ाई गई प्रवेश फीस एवं अन्य 23 विषयों को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती गंगा मिश्रा को नगर सहमंत्री नवदीप पनिका द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि हमारी प्रमुख मांगे – 1.यह है कि शंभूनाथ विश्वविद्यालय द्वारा UG प्रथम वर्ष की परीक्षाएं तो अगस्त माह में संपन्न हुई परंतु आज दिनांक तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया। एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की मार्कशीट जो की तत्काल रूप से जारी किया जाए ।

2. यह है कि महाविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रवेश फीस में 1900 से 2000 की बढ़ोतरी की गई। जिसे तत्काल रूप से पूर्वानुसार करते हुए विद्यार्थियों से अधिक ली गई फीस उन्हें तत्काल रूप से वापस की जाए।

3. यह है कि महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एवं बायोटेक्नोलॉजी के प्राध्यापक न होने के कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से प्राध्यापक की उचित व्यवस्था की जाए।

4. यह है कि महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम जो की प्रवेश के समय कंप्यूटर रूम में तब्दील कर दिया गया था जो आज दिनांक तक कंप्यूटर रूम ही हैं जिसे तत्काल रूप से गर्ल्स कॉमन रूम बनाकर छात्रों के लिए खोला जाए एवं सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगवाई जाए।

5. यह है कि महाविद्यालय में प्रायोगिक कक्षाएं तो हैं परंतु प्रयोग संचालित नहीं हो रहे हैं जिसे तत्काल रूप से प्रत्येक विषयों के प्रयोग प्रारंभ कराए जाए।

6. यह है कि महाविद्यालय में लगातार कई बार ज्ञापन के बाद भी आज तक विद्यार्थियों को PVC I'D कार्ड उपलब्ध नई कराया गया जिसे तत्काल रूप से उपलब्ध कराया जाए।

7. यह है कि महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर CCTV कैमरे एवं अन्य गेटों के सामने CCTV कैमरे तत्काल रूप से लगवाये जाएं।

8. यह है कि महाविद्यालय कैंपस में निःशुल्क Wi-Fi सुविधा प्रारंभ की जाए।

9. यह है कि महाविद्यालय के लाइब्रेरी में NEP के अनुसार पुस्तके एवं E–लाइब्रेरी को सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए।

10. यह है कि महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की सूचना पूर्व से नोटिस बोर्ड एवं व्हाट्सएप समूह में विद्यार्थियों दी जाए।

11. यह है कि महाविद्यालय में स्वच्छ पीने हेतु पानी की व्यवस्था की जाए एंव वॉटर कूलर, क्लास रूम एवं वॉशरूम की सफाई नियमित कराई जाए।

12. यह है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कम्प्यूटर लैब बनकर तैयार है परंतु सभी विद्यार्थी उसका उपयोग नहीं कर पा रहे जिसे तत्काल रूप से सभी विद्यार्थीयो के लिए प्रारंभ किया जाए एवं कम्प्यूटर लैब प्रभारी को बदला जाए।

13. यह है कि महाविद्यालय के अंदर आए दिन बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट गाली गलौज की जाती है। जिसको देखते हुए ड्रेस कोड का पालन कड़ाई से हो और बाहरी व्यक्तियों जो भी प्रवेश करे उनकी जानकारी मुख्य द्वार पर रजिस्टर में हो।

14. यह है कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया जाए जिससे बाहरी व्यक्तियों को वही से जानकारी प्रदान की जा सके।

15. यह है कि महाविद्यालय में कई बार ज्ञापन के पश्चात भी अधिक से अधिक वाहन महाविद्यालय के पीछे की ओर खड़े होते हैं जिसे ध्यान में लाते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पार्किंग स्थान पर हो एवं पूर्व में आश्वासन के बाद भी पार्किंग शेड का निर्माण नहीं हुआ जिससे तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए।

16. यह है कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद भी बाटनिकल गार्डन जो की जनभागीदारी मद से निर्मित होना था परंतु आज दिनांक तक निमित नहीं हो सका जिसे तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए।

17. यह है कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में श्वसन के बाद भी गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण होने के बाद आज दिनांक तक छात्राओं को रहने के लिए प्रारंभ नहीं किया गया जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस निकल जाए और छात्राओं को तत्काल रूप से छात्रावास आवंटित किया जाए।

18. यह है कि महाविद्यालय में कक्षाओं का समय 11:00 से 4:00 तक रहते हैं परंतु महाविद्यालय की बस 3:00 के पूर्व महाविद्यालय से जाने के कारण बहुत से विद्यार्थी अपनी कक्षा छोड़ चले जाते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए बस के समय में परिवर्तन किया जाए जिससे कक्षाएं यथावत संचालित हो सके।

19. यह है कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में विद्यार्थियों को फील्ड विजिट कराया जाता था परंतु अब ऐसा नहीं दिया जाता जिसे ध्यान में लाते हुए तत्काल रूप से प्रारंभ किया जाए।

20. यह है कि महाविद्यालय मैं NCC एवं NSS दोनों ही टीमे संचालित हैं परंतु किसी भी कार्यक्रम में परेड के समय एक ही सेट बैंड होने के कारण बहुत से परेशानियां होती जिसे देखते हुए एक नवीन बैंड सेट उपलब्ध कराया जाए।

21. यह है कि महाविद्यालय में NSS की तीन यूनिट संचालित हैं जिसमें लगभग 300 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं परंतु अलग ड्रेस से सभी अलग-अलग दिखते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए NSS की एक निश्चित ड्रेस महाविद्यालय द्वारा लागू की जाए एवं उन्हें ट्रैकसूट उपलब्ध कराया जाए।

22. यह है की महाविद्यालय में NCC स्टोर रूम है जिसमें अत्यधिक कचरा डाला हुआ है जिसे तत्काल रूप से सफाई कराई जाए एवं NCC विद्यार्थियों के लिए NCC टीचिंग कक्षा की व्यवस्था की जाए।

23. यह है कि महाविद्यालय परिसर की बाउंड्री जिसकी ऊंचाई काफी कम है जिसमें महाविद्यालय प्रशासन ने अश्वासन दिया था कि इसके ऊपर तार की जाली लगेगी परंतु आज तक किसी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए बाउंड्री में तार की जाली लगाकर उसकी हाइट बढ़ाई जाए।

24. यह है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए नियम के अनुसार महाविद्यालय परिसर में सभी विषयों की कक्षाओं की समय सारिणी बड़े से बैनर में लगाया जाए परंतु आज दिनांक तक महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं की गई जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए लगाया जाए।

अभाविप आपसे यह मांग करती है कि इन सभी विषयों को 15 दिवस के अंदर संज्ञान में नहीं लिया गया तो अभाविप उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी

ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय, प्रांत कार्यकारणी सदस्य अमन त्रिपाठी, अजय सिंह बैंस, महाविद्यालय अध्यक्ष ऋतुराज द्विवेदी, अनुराग गुप्ता , राशी मिश्रा, सृष्टि सिंह मरकाम, आयुष सेन, निश्चय साहू एवं अन्य कार्यकर्ता वा सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हीरावती महरा बनीं राष्ट्रीय महासचिव



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी युवा महिला मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव सुश्री हीरावती महरा को नियुक्त किया गया है। पार्टी की स्पेशल कोर कमेटी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण पद सौंपा है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा दिल्ली से अनूपपुर पहुँचे थे, जहाँ उन्होंने सदस्यता अभियान चलाया। इसी दौरान सुश्री हीरावती महरा को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पत्रकारों से चर्चा में सुश्री महरा ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वे अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा द्वारा दिए गए भरोसे पर खरा उतरने के लिए पूरे मन से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि वे पूरे भारत में संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगी।

### विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे न्यायालय परिसर अनूपपुर में संविधान की उद्देषिका का वाचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात संस्कार विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपपुर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा उपस्थित विद्यार्थीगणों को संविधान प्रदत्य मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। तदोपरांत बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा संविधान में प्रदत्य मौलिक कर्तव्यों के साथ-साथ विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यथता आदि योजनाओं की जानकारी दी तथा 13 दिसम्बर को होने वाले नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक आमजन को लाभ लेने की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक अभय शर्मा, विद्यासागर मांझी, सुश्री सरिता चौरसिया, पल्लव मिश्र, रविन्द्र यादव सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### पूर्व पार्षद ने वर्तमान पार्षद के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत



**अनूपपुर।** नगर पालिका परिशद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 02 के पूर्व पार्शद पुरुशोत्तम चौधरी ने अपने खिलाफ लगातार फैलाए जा रहे भ्रामक आरोपों और झूठी शिकायतों के विरुद्ध कोतवाली अनूपपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया कवे पिछले 15 वर्शों से लगातार भारतीय राश्ट्रीय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर तीन बार पार्शद निर्वाचित होकर वार्ड क्रमांक 02 के जनप्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इतना लंबा जनसेवा का अनुभव और प्रतिशठा होते हुए भी उनके विरुद्ध जान बूझकर सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में झूठी खबरें प्रसारित की गई हैं। पूर्व पार्शद ने बताया कि संजय चौधरी द्वारा 08.10.2025 को अवैध भूमि क्रय के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को झूठी शिकायत की गई थी, जिसकी जांच राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन में स्पश्ट रूप से शिकायत पूरी तरह झूठी पाई गई है। पुरुशोत्तम चौधरी ने कहा कि संजय चौधरी द्वारा निराधार शिकायतें और भ्रामक सूचनाएं फैलाकर उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। इससे उन्हें मानसिक तनाव और आर्थिक क्षति भी हुई है। इसी आधार पर पूर्व पार्शद ने थाना प्रभारी से मांग की है कि संजय चौधरी, पार्शद वार्ड क्रमांक 02 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए, और निराधार, असत्य एवं झूठी शिकायतें करने के लिए उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सर्दी दिखा रही रौद्र रूप, कचरा जलाकर काट रहे रात

# कड़ाके की ठंड के बावजूद नहीं जले अलाव

### जिले भर मे अलाव की उठी मांग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**





नवंबर की शुरुआत से ही ठंड अपने शबाब पर है, लेकिन अभी तक नगर पालिका का अलाव नजर नहीं आ रहा है। ठंड ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है और अब लोगों को ठंड से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर पारा गिरने के साथ ही मौसम ने अपनी करवट बदल ली है और दिनों दिन बढ़ती हुई ठंड से लोगों का जीना मुश्किल होने लगा है लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका द्वारा अभी तक कहीं पर भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है जिससे सुबह शाम लोगों को कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए देखा जा रहा है। वहीं कुछ लोगों द्वारा आसपास का कचरा और टायर पन्नी बीनकर आदि जलाकर आग की गर्माहट का सहारा ले रहे हैं नगर में बीते दो तीन दिन से कड़ाके की सर्दी हो रही है और ठंड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे कि लोगों को शाम होते ही परेशान होते देखा जा रहा है तो वहीं कुछ लोगों द्वारा अपने निजी खर्च से अलाव की व्यवस्था और कुछ लोग कचरा व टायरों में आग लगाकर आग की गर्माहट ले रहे हैं। जिस तरह तेजी से तापमान गिर रहा है इससे विशेष रूप से उन गरीबों असहायों के सामने समस्या खड़ी हो गई है जिनकी रात सड़क में या फिर किसी बंद दुकान के बाहर नाम मात्र के कपड़ों के बीच गुजरती है। मूक जानवर भी अलाव के पास खड़े होकर अपनी ठंड को कम करते हैं लेकिन नगर पालिका द्वारा अलाव के लिए कोई प्रबंध नहीं किए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा हर साल विलंब से ही अलाव जलवाए जाते हैं जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है अब ठंड तेजी से बढ़ने लगी है ओर लोग आग नहीं मिलने से परेशान होते हुए देखते है नगर परिषद द्वारा जल्द ही नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाए जाए जिससे लोगों को परेशान ना होना पड़े।

### और तल्ख हुये ठण्ड के तेवर

उत्तरी हवाओं में बर्फबारी की सर्दी लिपटने से दिन और रात का तापमान लुढ़क गया है। जानकारी के अनुसार अभी अंचल में तापमान इसी के आसपास रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कुछ और गिरावट दर्ज की जा सकती है। सर्दी ने अपना असर दिखाना आरंभ कर दिया है। लोग दांत किटकिटाने वाली सर्दी महसूस कर रहे हैं। शाम ढलते ही सर्द हवाओं के तेवर और भी तल्ख हो जाते हैं। इन परिस्थितियों में बस स्टैण्ड, अस्पताल सहित चौक चौराहों पर लोग कचरा बीनकर उसमें आग लगाकर तापते भी नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि हाड़ गलाने वाली सर्दी का आगाज हो चुका है पर जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका समेत जिले भर की पालिका द्वारा अभी तक अलाव का इंतजाम नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि जब लोग कड़कड़ाती सर्दी में ठिठुरते रहेंगे तब नगर पालिका के द्वारा अलाव की लकड़ी की व्यवस्था नहीं की जायेगी और मकर संक्रांति के बाद जब सर्दी के जाने का समय माना जाता है उसके बाद अलाव की व्यवस्था अगर की भी जाती है तो यह औचित्यहीन ही होगा। लोगों ने जिलाधिकारी से जनापेक्षा की है कि नगर पालिका को सार्वजनिक जगहों पर अलाव के लिये लकड़ी मुहैया करवाने के लिये निर्देश दिये जायें।

### कुछ दिन बाद फिर बढ़ेगी ठण्ड

लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पालिका ने शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था की है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है। शीतलहर चल रही है, जिससे लोग परेशान हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। शहर में गरीब और निसहाय लोगों और वैसे लोग जिन्हें ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं हैं। इनके लिए अलाव ही एकमात्र सहारा है। हर कोई स्वेटर, जैकेट, बूट और दूसरे चीजों से सर्दी से बचने बंदोबस्त कर रहा है। इसी बीच थोड़ा ठहरकर उन लोगों के लिए भी सोचना चाहिए, जिनके पास सर्दी से बचने के लिए कुछ भी नहीं है। बता दें कि बढ़ी ठंड व शीतलहर से सुबह सुबह समाचार पत्र वितरण करने वाले कर्मयोगियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह अलाव का सहारा लेकर ठंड भगाकर कर्मयोगी अपनी सेवाएं नियमित रूप से जारी रखे हैं। जानकारी के अनुसार ठंड का यह दौर अस्थायी रहेगा। 28 नवंबर के बाद धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। हवा की दिशा में फिर से बदलाव होने से ठिठुरन कुछ कम हो सकती है, लेकिन उससे पहले कई स्थानों पर रातें बेहद सर्द रहने वाली हैं।

## आयोजित मुस्कान विशेष अभियान में हुये शामिल

# एसडीओपी पहुंचे संदीपनी विद्यालय पुष्पराजगढ़



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।**

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ. नवीन तिवारी एवं थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम पी.सी. कोल के द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय मॉडल संदीपनी विद्यालय पुष्पराजगढ़ में आयोजित मुस्कान विशेष अभियान में उपस्थित करीब 250 छात्र छात्राओं को उनकी सुरक्षा हेतु उदबोधन एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई, साथ ही संविधान से प्राप्त मूलभूत अधिकारो व अन्य विषय पर सभी को जानकारी दी। म.प्र. शासन गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बालिकाओं से संबंधित अपराधों को लेकर जागरूकता के लिए मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 26 नवम्बर को 2.30 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ. नवीन तिवारी, थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम पी.सी. कोल के द्वारा प्राचार्य राम प्रसाद सिंह धुर्वे शासकीय मॉडल संदीपनी विद्यालय पुष्पराजगढ़ की उपस्थिति में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों एवं विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पी.सी कोल के द्वारा उपस्थित छात्राओं को बालिकाओं की सुरक्षा हेतु कानूनी प्रावधान, पाक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधान की जानकारी दी गई एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ. नवीन तिवारी के द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला अपराधों संबंधी जागरुकता के साथ बताया गया कि आज के वर्तमान दौर में मोबाईल एवं इंटरनेट का सभी को उपयोग करना होता है जिसके चलते अनेक लोग सायबर अपराध के शिकार हो रहे है जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म इन्स्टाग्राम, फेसबुक आदि पर फर्जी आई.डी. बनाकर अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल करना, इंटरनेट बैकिंग से संबंधित ओ.टी.पी. मांगा जाकर फ्राड करना, ए.टी.एम. क्लोनिंग, लाटरी का लालच देकर फ्राड करना, नौकरी का लालच देकर आनलाईन फ्राड करना, डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ब्लेकमेल करने जैसे अपराध घटित हो रहे है। उक्त सायबर अपराधों से बचने के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा स्वयं की सजगता है। छात्राओं को बताया गया कि सोशल मीडिया जैसे इन्स्टाग्राम, फेसबुक आदि पर व्यक्ति सूचनाये (मोबाईल नम्बर, जन्मतिथि, फेमली डीटेल आदि) शेयर न करे। सोशल मीडिया में प्रायवेसी हेतु सभी सेटिंग को लागू करें, अनजान मोबाईल नम्बरों से बातचीत एवं फ्रेण्ड रिकवेस्ट से बचें। किसी भी लालच में आकर ओ.टी.पी. शेयर न करें।

## शंकर मंदिर के पास मिला विलुप्त प्रजाति घायल जलीय पक्षी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



नगर के शंकर मंदिर के समीप नागरिकों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग ने एक जलीय पक्षी कीचमुर्गी का रेस्क्यू कर पशु चिकित्सक से उपचार करने बाद स्वस्थ्य स्थिति में होने पर स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ा। मंगलवार की सुबह अनूपपुर नगर के शंकर मंदिर के समीप स्थित समसू खान के इंडियन इलेक्ट्रॉनिक दुकान के समीप विचरण करते हुए घायल स्थिति में आए एक जलीय पक्षी जिसे कीच मुर्गी एवं दलदली मुर्गी के रूप में जाना जाता है जो नदी, तालाब के किनारे विचरण कर जीव जंतुओं का आहार करता है अचानक विचरण करते हुए घायल स्थिति में होने की सूचना पर वन पर क्षेत्राधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह के निर्देशन पर वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल एवं अनूपपुर की वनरक्षक दिनेश रौतेल मौका स्थल पर पहुंचकर घायल जलीय पक्षी को अपनी अभिरक्षा में रखकर पशु चिकित्सालय में उपचार कराने बाद स्वस्थ स्थिति में होने पर वन क्षेत्र में स्वतंत्र विचरण हेतु छोड़ा गया यह पक्षी कीच मुर्गी दलदली मुर्गी है जो दलदली क्षेत्र एवं गीले क्षेत्र में रहता है तथा छोटे-छोटे जीव जंतुओं को अपना आहार बनाकर उदर पोषण करता है यह अनूपपुर क्षेत्र में विलुप्त प्रजाति की तरह होना बताया गया है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित रेलवे स्टेशन धुरवासिन

## रात में नहीं मिलती टिकट, हर तरफ गंदगी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

मौहरी और हरद के बीच धुरवासिन रेल्वे स्टेशन में गंदगी से यात्री परेशान हैं। एक तरफ देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे है की स्वच्छ भारत स्वच्छ प्रदेश मगर रेल्वे स्टेशन के चारो तरफ़ गंदगी पसरी है। स्टेशन प्रबंधन स्वच्छता अभियान को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। धुरवासिन स्टेशन का हाल यह है की चारों तरफ बड़ी बड़ी गाजर घास उगे हैं। कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को सांप बिच्छू काटने का भय बना रहता है। ज्ञात हो कि कोतमा बिजुरी चिरमिरी क्षेत्र से कोयला से शासन को करोड़ों का राजस्व मिल रहा है, लेकिन रेलवे प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र का रेलवे स्टेशन होने के कारण यहां दर्जनों गांवों जिनमें ग्राम कोटमी, तितरीपोड़ी, रक्सा, कोलमी, पडौर, दैखल, खर्राटोला, क्यांटार, धुरवासिन, फुनगा, बिजौरी, छोहरी के नजदीक रेलवे स्टेशन धुरवासिन से यात्री कोतमा, अनूपपुर, शहडोल सहित अन्य जगहों के लिए यात्रा करते हैं लेकिन स्टेशन में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार स्टेशन प्रबंधन से बात भी की लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों की बातों को अनदेखा कर रहे हैं। गंदगी के कारण उठने वाले दुर्गंध से यात्रियों को परेशानी हो रही है यात्री रेलवे स्टेशन में बैठ नहीं पा रहे हैं।

**पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं-** धुरवासिन रेलवे स्टेशन में मात्र दो हैंड पंप लगा है जिससे यात्रियों को पीने के पानी की सुविधा मिल जाती थी, लेकिन वर्तमान में उन हैंडपंपों से जंग युक्त लाल पानी निकलता है जिसके कारण लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोग यात्रा करने के पूर्व अपने घर से बोतल में पानी भरकर लाते हैं। दूसरी ओर रेलवे स्टेशन परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी नहीं है। इक्का दुक्का बल्ब जल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाकी बल्ब खराब हो गए हैं जिसके कारण रात्रि में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**रात्रि में नहीं मिलती टिकट-** ग्रामीणों ने बताया कि धुरवासिन रेलवे स्टेशन में कोतमा से सुबह चिरमिरी कटनी ट्रेन में कर्मचारी टिकट लेकर आता है और दिन की ट्रेनों के लिए तो टिकट उपलब्ध हो जाता है लेकिन वह कर्मचारी शाम को चंदिया चिरमिरी ट्रेन से वापस चला जाता है जिसके कारण रात्रि के समय ट्रेनों में यात्रा करने के लिए यात्रियों को टिकट भी नहीं मिल पाता है। जिससे ग्रामीण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रेलवे स्टेशन परिसर में शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है जिसके कारण यात्रियों को पेशाब के लिए बड़ी-बड़ी उगी हुई झाड़ियां के बीच जाना पड़ता है जिससे उन्हें सांप बिच्छू काटने का डर भी बना रहता है। यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा भी रेलवे स्टेशन में उपलब्ध नहीं है।

## टैक्सी और ऑटो चालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने नगर परिषद की पहल

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**



तीर्थराज अमरकंटक में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से, नगर परिषद अमरकंटक कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर परिषद के पदाधिकारी, टैक्सी यूनियन, और ऑटो रिक्शा यूनियन के चालक एवं मालिक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती पार्वती सिंह और मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने की। बैठक में मुख्य रूप से यात्रियों की सुरक्षा, उचित किराया और परिवहन नियमों के पालन पर चर्चा की गई।

### बैठक के मुख्य निर्णय और निर्देश

टैक्सी चालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी गाड़ियों का वैध परमिट अनिवार्य रूप से बनवाएं। इससे न केवल चालकों को वैधानिक सुरक्षा मिलेगी, बल्कि नगर में आने वाले यात्रियों को भी बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि यात्रियों से केवल निर्धारित किराया ही लिया जाए, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। 'ऑटो रिक्शा क्षमता और सुरक्षा नियमः ऑटो चालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे अपने वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं। ओवरलोडिंग से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही, सभी चालकों को मध्य प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी गई।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में नगर परिषद और परिवहन संघ के सदस्य उपस्थित रहे जिनमे नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती पार्वती सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते, थाना अमरकंटक से एसआई बघेल, पार्षद गण रोशन पनारिया, दिनेश द्विवेदी, कान्हा तिवारी, शक्ति पांडेय और जोहन लाल चंद्रवंशी, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष आदित्य जायसवाल, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, वाहन मालिक रंजीत सिंह, गब्बर सिंह सहित अन्य सभी वाहन चालक और मालिक के साथ ही नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। पत्रकारों मे उमाशंकर पांडेय, सोमू दुबे, अंजय तिवारी और संजय श्रीवास प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के अंत में सभी ने नगर के विकास और यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाए रखने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## डाईट अनूपपुर में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

क्विज में भाग लेने के लिए 67 विद्यालयों ने पंजीयन करवाया था और 61 विद्यालयों ने क्विज में भाग लिया प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र सम्मिलित हुए जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ जाकर क्विज में सहभागिता की गई। क्विज में प्रथम स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा, द्वितीय स्थान आरसीईमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई एवं तृतीय स्थान बाल भारती स्कूल अनूपपुर का रहा। छात्रों को जैव विविधता का महत्व, पर्यावरण का महत्व एवं विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई साथ ही विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ फॉरेस्ट लाल सुधाकर सिंह परिक्षेत्राधिकारी अनूपपुर श्री स्वर्ण गौरव सिंह, परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी श्री विवेक मिश्रा, शिक्षा विभाग से श्री देवेश बघेल एवं कार्यक्रम के समन्वयक अधिकारी अधिकारी शिवदत्त पांडे वन्य जीव संरक्षक शीर्षशिधर अग्रवाल विद्यालय में से आए हुए शिक्षक एवं फॉरेस्ट का अन्य स्टाफ मौजूद रहा. क्विज में प्रथम स्थान पानी वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।